>

Title : Need to expedite the construction of bridges between Karali and Jambusar and Vorbhata and Kokarvada over rivers Mahi and Narmada respectively.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): महोदय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा चलाए गए नमक सत्याग्रह की याद में भारत सरकार ने साबरमती से डांडी तक एक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का प्रस्ताव किया था जिसकी लंबाई 386 किलोमीटर की थी एवं सरकार ने 127 करोड़ रूपए की धनराशि भी इस कार्य के लिए स्वीकृत की थी। इस मार्ग का नाम राष्ट्रीय राजमार्ग नं. 226 दिया गया है। प्रथम चरण में बड़े उत्साह से इस पर काम किया गया था, परंतु दूसरे चरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है जिसके कारण माही नदी पर कारली-जम्बूसर तक पुल अभी नहीं बना है। उसी तरह से नर्मदा नदी पर वोरभाटा-कोकरवाडा तक पुल का निर्माण का कार्य अभी तक आरंभ नहीं किया गया है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि प्रथम चरण की तरह दूसरे चरण का कार्य भी उत्साह से करते हुए माही नदी पर कारली-जम्बूसर तक एवं नर्मदा नदी पर वोरभाटा-कोकरवाडा तक पुल का निर्माण प्रस्तावनुसार जल्द किया जाये जिससे डांडी से साबरमती के बीच उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण जल्द पूरा किया जा सके।